Bengal Mirror
Think Positive



ASANSOL

# DPS Asansol में 'श्री रमेश गोयनका मैमोरियल टैलेंट हंट प्रतियोगिता' का भव्य आयोजन

## मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध अभिनेत्री देबश्री रॉय उपस्थित रहीं, विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार

**बंगाल मिरर, आसनसोल :** दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल में 'श्री रमेश गोयनका मेमोरियल टैलेंट हंट प्रतियोगिता' का भव्य आयोजन दिल्ली – कोलकाता राष्ट्रीय राजमार्ग – 19 स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल में गत दिवस 'श्री रमेश गोयनका मैमोरियल टैलेंट हंट प्रतियोगिता-२०२२' का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में आसनसोल, रानीगंज, दुर्गापुर , धनबाद समेत आस-पास के क्षेत्रों के सैकड़ों स्कूलों के छात्रों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत एकल नृत्य , गायन एवं ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।
कार्यक्रम का आरम्भ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय सिनेमा जगत की प्रसिद्ध अभिनेत्री देबश्री रॉय उपस्थित रहीं। सुश्री रॉय अभिनेत्री, सुप्रसिद्ध नृत्यांगना, कोरियोग्राफ़र , राजनेता और पशु अधिकार कार्यकर्त्ता हैं। उन्होंने हिन्दी व बंगाली सिनेमा में कार्य किया है। डीपीएस आसनसोल के प्रो-वाइस-चेयरपर्सन श्री प्रतीक गोयनका ने सुश्री देबाश्री रॉय का बुके भेंटकर व शॉल ओढ़ाकर गर्मजोशी से स्वागत किया।

तीनों कलाओं में प्रतिभागियों को आयु के आधार पर A, B व C तीन वर्गों में विभाजित किया गया। तीनों ही वर्गों में छात्रों ने एक बड़ी संख्या में भाग लेकर अपने उत्साह का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में 1000 से भी अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया।

ड्राइंग व पेंटिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर ग्रुप A के सार्थक मंडल ने प्रथम , याशवी अग्रवाल ने द्वितीय व नायरा गोयनका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप B की आराध्या दत्ता ने प्रथम , अंकित राज ने द्वितीय व आद्रिजा सेन तृतीय स्थान पर रही। ग्रुप C की ऐशिकी भट्टाचार्य ने प्रथम , सौम्य बेनर्जी ने द्वितीय व नेबानिता मंडल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

गायन में ग्रुप A की अन्वेषा साहा ने प्रथम , जिथिशा रॉय ने द्वितीय व अनुराग मंडल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप B के वैभव बैनर्जी प्रथम , अरित्रिका कोनर द्वितीय व रिद्धिमा सान्याल तृतीय स्थान पर रही। ग्रुप C की आर्यामिता रॉय ने प्रथम , अर्नबी डे ने द्वितीय व अरीन बैनर्जी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

नृत्य कौशल में ग्रुप A की रंजान्या घोष प्रथम , ईशान साधु द्वितीय व वेदान्तिका दास तृतीय स्थान पर रही। ग्रुप B की अस्मिता हालदार ने प्रथम , रिमझिम चंद ने द्वितीय व मुक्ता सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप C के प्रियम बैनर्जी प्रथम , पौलमी देब द्वितीय व ईशानी सेनगुप्ता तृतीय स्थान पर रही।

विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किये गए। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को रु. 5000/ , द्वितीय स्थान पर रहे प्रतिभागियों को 4000 / तथा तृतीय स्थान पर रहने वाले छात्रों को 3000/ की नकद धनराशि के साथ ट्रॉफी तथा प्रशस्ति-पत्र प्रदान किये गए। तीनों क्षेत्रों के प्रत्येक वर्ग में 10- 10 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार तथा भाग लेने वाले प्रत्येक छात्र को प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान कर उत्साह वर्धन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के अतिरिक्त दिल्ली पब्लिक स्कूल आसानसोल की संरक्षक श्रीमती मंजू गोयनका, प्रो-वाइस चेयर पर्सन श्री प्रतीक गोयनका, प्रधानाचार्य आर. डी. शर्मा, शहर के अनेक गणमान्य लोग तथा बहुत बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि सुश्री देबाश्री रॉय ने कार्यक्रम की भूरि - भूरि प्रशंसा की तथा कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन कर श्री रमेश गोयनका जी के जनहित के कार्य को आगे बढ़ाने का विद्यालय का प्रयास सराहनीय है।

दिल्ली पब्लिक स्कूल आसानसोल की संरक्षक मंजू गोयनका जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि श्री रमेश गोयनका जी ने आजीवन शिक्षा व समाज हित में अपना विशेष योगदान दिया है। उनका मानना था कि छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाना हमारा कर्तव्य बनता है और इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर हम प्रतिभाओं को खोज, उन्हें एक नई दिशा दे सकते हैं। हम सब उनके द्वारा बताए मार्ग पर चलकर उनके सपनों को साकार करने का प्रयास कर रहे हैं। आज का कार्यक्रम उसी प्रयास का पहला कदम है।

प्रो. वाइस चैयरमैन प्रतीक गोयनका जी ने अपने वक्तव्य में कहा कि उनके पिता श्री रमेश गोयनका जी कम कहने और अधिक करने में विश्वास करते थे। उनकी सकारात्मक सोच सदेव हमारा मार्गदर्शन करती रहेगी। एक बच्चे के असली हीरो उसके माता-पिता ही होते हैं, टीवी की दुनिया के काल्पनिक पात्र कदापि नहीं।

प्रधानाचार्य आर. डी. शर्मा ने कहा कि यह प्रतियोगिता भविष्य की ऊँची छलांग का पहला कदम है। दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन आगामी वर्षों में अविश्रांत करता रहेगा। इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता महत्वपूर्ण होती है, हार-जीत कदापि नहीं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों व विजेताओं को शुभकामनाएँ दीं तथा अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।